भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 5082**
**24.03.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**पीएम ई-ड्राइव के लिए निधि**

5082. **श्रीमती जून मालिया:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) बजट 2025-26 के दौरान घोषित पीएम ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत फरवरी 2026 तक आवंटित और उपयोग की गई निधि (रुपये में) का ब्यौरा क्या है; और
(ख) क्या बजट 2026-27 में घोषित उक्त योजना के लिए निधि का आवंटन पिछले वर्ष के बजट आवंटन का मात्र 38 प्रतिशत है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**भारी उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क):** बजट 2025-26 के दौरान घोषित 'पीएम ई-ड्राइव' स्कीम के अंतर्गत 28 फरवरी, 2026 तक आवंटित और उपयोग की गई निधि (रुपए में) का विवरण निम्नानुसार है:-

| **क्र.सं.** | **शीर्ष** | **बीई वित्तवर्ष 2025-26** | **आरई वित्तवर्ष 2025-26** | **20.03.2026 तक वास्तविक व्यय** | **आरई 2025-26 के % हिस्से के रूप में वास्तविक व्यय** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मांग प्रोत्साहन | 1,651 | 1129.85 | 916.06 | 81% |
| 2 | पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान | 2,324 | 150 | 0 | 0% |
| 3 | प्रशासनिक व्यय | 25 | 20.15 | 15.36 | 76% |
| | **कुल** | **4,000** | **1,300** | **931.42** | **72%** |

**(ख):** वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,500 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, जो वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान (आरई) का लगभग 115% (1,300 करोड़ रुपए) और वित्त वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान (बीई) का 38% (4,000 करोड़ रुपए) है।

इस स्कीम की अवधि 31.03.2028 तक बढ़ा दी गई है। आवंटन में यह स्पष्ट कमी मुख्य रूप से अनुदानों के वितरण की लक्ष्य-आधारित संवितरण प्रणाली के कारण है। तदनुसार, आकलित किया गया है कि स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए वित्त वर्ष 2026-27 का बजट प्रावधान पर्याप्त है।

*******